# दिनांक 17.01.2025 को मुख्य विकास अधिकारी महोदय की अध्यक्षता में आहूत जल जीवन मिशन सम्बन्धी कार्यों तथा जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की मासिक समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

उपरोक्त विषयक दिनांक 17.01.2025 को मुख्य विकास अधिकारी महोदय मथुरा द्वारा जल जीवन मिशन सम्बन्धी कार्यों तथा जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की मासिक समीक्षा की गई। समीक्षा में निम्नलिखित अधिकारियों/अभियन्ताओं/फर्म प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

1. अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, मथुरा।
2. श्रीमती किरन चौधरी, जिला पंचायत राज अधिकारी, मथुरा।
3. श्री दिनेश कुमार, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मथुरा।
4. श्री गुलवीर सिंह, अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–1, लोक निर्माण विभाग, मथुरा।
5. श्री अजय सिंह, अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, मथुरा।
6. श्री कन्हैया लाल, अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, मथुरा।
7. श्री भूपेन्द्र कुमार, सहायक अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), मथुरा।
8. श्री शिवाजी राजा राजपूत, सहायक अभियन्ता, जिला पंचायत, मथुरा।
9. श्री राकेश कुमार शर्मा, जी0एम0, एन0सी0सी0 – एपको (जे0वी0), मथुरा।
10. श्री अशोक ठाकुर, पी0एम0 पी0एम0 पैकेज– I, एन0सी0सी0 – एपको (जे0वी0), मथुरा।
11. श्री दिलीप शर्मा, डी0पी0एम0, मै0 फिचनर कन्सलटिंग इन्जीनियर्स (टी0पी0आई0), आगरा कलस्टर, मथुरा।
12. श्री सुमित वर्मा क्यू0ए0/क्यू0सी0, मै0 फिचनर कन्सलटिंग इन्जीनियर्स (टी0पी0आई0), आगरा कलस्टर, मथुरा।
13. श्री मोहित सिंह जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, मेधज टैक्नो कॉन्सेप्ट, मथुरा।

बैठक के प्रारम्भ में मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा योजना के कार्यों की प्रगति समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान बैठक में अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद मथुरा में सतही स्त्रोत आधारित पेयजल योजनाओं के कार्य निर्माणाधीन हैं।

बैठक में सतही स्त्रोत आधारित पेयजल योजना (पैकेज– I) के प्रोजेक्ट मैंनेजर द्वारा प्रगति के विषय में निम्न प्रकार अवगत कराया गया।

| S.N. | Activity Name | Duration | QTY | Progress as per timeline (Dated 17.01.2025) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Target | Achievement |
| 1 | Supply of MS pipes | TARGET | 55.900 KM | 100% | 90% |
| | | ACHIEVEMENT | 52.50 KM | | |
| 2 | Supply of DI pipes | TARGET | 1178 KM | 100% | 50% |
| | | ACHIEVEMENT | 557 KM | | |
| 3 | sedimentation tank at Palra (23000KL) | TARGET | 1 Nos | 100% | 30% |
| | | ACHIEVEMENT | WIP | | |
| 4 | Water Treatment Plant( 188.50 MLD) | TARGET | 1 Nos | 100% | 20% |
| | | ACHIEVEMENT | WIP | | |
| 5 | Clear water Reservior & Pump House | TARGET | 8 Nos | 100% | 20% |
| | | ACHIEVEMENT | 7 -WIP | | |
| 6 | Laying , Joiniting , Testing & Road Restoration work for Clear Water Rising Mains | TARGET | 1178 KM | 100% | 35% |
| | | ACHIEVEMENT | 430 KM | | |
| 7 | Laying , Joiniting , Testing & Road | TARGET | 55.90 KM | 100% | 2% |

| | Restoration work for Gravity MS Pipe | ACHIEVEMENT | 1.50 KM | | |
|---|---|---|---|---|---|

तत्पश्चात सतही स्त्रोत पेयजल योजना (पैकेज–2) के प्रोजेक्ट मैंनेजर द्वारा प्रगति के विषय में निम्न प्रकार अवगत कराया गया।

| S.N. | Activity Name | Duration | QTY | Progress as per timeline (Dated 17.01.2025) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Target | Achievement |
| 1 | Construction of Over Head Tanks along with RTU Room | TARGET | 214 | 100% | 25% |
| | | ACHIEVEMENT (WIP) | 159 | | |
| 2 | Distribution System & Related work . | TARGET | 4566 | 90% | 45% |
| | | ACHIEVEMENT | 2133 | | |

- समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता द्वारा कार्य की धीमी प्रगति के सम्बन्ध में अवगत कराया गया जिस पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए फर्म मै० एन०सी०सी०–एपको (जे०वी०) को कार्यों में तेजी लाये जाने तथा मासिक प्रगति समीक्षा के आधार पर नोटिस्/चेतावनी पत्र निर्गत करने हेतु निर्देशित किया गया।
- समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, मथुरा द्वारा अवगत कराया गया कि बाजना से मानागढ़ी मार्ग PMGSY Road पर पाइप लाइन बिछाये जाने के दौरान इण्टरलॉकिंग सड़क को उखाड़ दिया गया है, जिसे समुचित ढंग से पूर्व स्थिति में नहीं किया गया है। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार तत्काल सड़क को ठीक कराये जाने के निर्देश दिये गये।
- मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि फर्म द्वारा पूर्व में पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु जहां भी रोड़ काटी गई है उसकी पूर्व निर्मित रोड के अनुसार मरम्मत प्राथमिकता के आधार पर करा ली जाए तथा सम्बन्धित विभाग से भी सड़क मरम्मत की रिपोर्ट प्राप्त कर ली जाए। पूर्व में काटी गई सड़कों की शत–प्रतिशत पुर्नस्थापना करने के पश्चात ही नई पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु सम्बन्धित विभाग से अनापत्ति प्राप्त कर पाइप लाइन बिछाई जाए, उक्त का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।
- अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–।, लोक निर्माण विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा सुरीर से भदनवारा रोड एवं कल्याणपुर सम्पर्क मार्ग को बिना अनापत्ति प्रमाण प्राप्त किए काट दिया गया है, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–।, लोक निर्माण विभाग को **फर्म के विरूद्ध एफ0आई0आर0 दर्ज कराने के निर्देश दिए गये।**
- जिला पंचायतराज अधिकारी मथुरा द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम में बने हुए पंचायत घरों पर निर्माण फर्म के श्रमिकों द्वारा पाइप, इत्यादि सामान रख कर कब्जा कर लिया गया है, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा फर्म को निर्देश दिए गये कि तत्काल ग्राम पंचायत घरों को खाली करा दिया जाए तथा भविष्य में किसी भी पंचायत घर में सामान नहीं रखा जाए।
- टी0पी0आई0 द्वारा बैठक में अवगत कराया गया कि सितम्बर माह के एन0सी0आर0 फर्म द्वारा अभी तक क्लोज नहीं किए गये हैं, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देश दिए गये कि पहले पुराने सभी एन0सी0आर0 क्लोज किए जाए तत्पश्चात अग्रिम नये कार्य प्रारम्भ किए जाए।
- टी0पी0आई0 द्वारा अवगत कराया गया कि भगोसा में बिना पी0सी0सी0 के सी0सी0 रोड बना दी गई थी, जो एन0सी0आर0 अभी तक रोड़ को ठीक कर क्लोज नहीं किया गया है, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा रोड़ को पूर्व की भांति मानक के अनुसार सही कर एन0सी0आर0 क्लोज कराने हेतु फर्म को निर्देश दिए गये।

- मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देश दिए गये कि क्लोज की गई क्रीटिकल एन0सी0आर0 की आख्या कार्यवृत्त के साथ प्रेषित की जाए।
- अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि एम0एस0 ग्रेविटी पाइप लाइन हेतु जनपद मथुरा में लगभग 7.0 कि0मी0 पैच का कृषकों को दिये जाने वाले फसल मुआवजे का स्थलीय सर्वेक्षण पूर्ण किया जा चुका है तथा 1.0 कि0मी0 लम्बाई में प्रभावित किसानों को फसल मुआवजा वितरित किया जा चुका है, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा फर्म को निर्देश दिए गये कि आगामी बैठक से पूर्व जनपद मथुरा में प्रभावित सम्पूर्ण लम्बाई में फसल मुआवजा वितरित कर दिया जाए तथा पाइप लाइन बिछाये जाने के कार्यों को अतिशीघ्र पूर्ण कर लिया जाए।
- अन्त में निर्देश दिए गये कि दोनों पैकेजों में निर्माणाधीन कार्यों पर समानान्तर कार्य करते हुए श्रमिकों की संख्या बढ़ाते हुए प्रगति बढ़ा ली जाए।

अधिशासी अभियन्ता
खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
मथुरा।

**पत्रांक 90 / जल जीवन मिशन/ 31 दिनांक 31-01-2025**

**प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित।**

1. जिलाधिकारी महोदय मथुरा।
2. अपर जिलाधिकारी महोदय, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, मथुरा।
3. मुख्य अभियन्ता(आ0क्षे0)/अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय/अधिशासी अभियन्ता (वि0यॉ0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा।

**प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

4. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इन्जीनियर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. प्रोजेक्ट मैंनेजर, मै0 एन0सी0–एपको (जे0वी0) (पैकेज–। एवं ।।), मथुरा। को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. डी0पी0एम0 मै0 फिचनर कन्सलटिंग इन्जीनियर्स (टी0पी0आई0), आगरा कलस्टर, मथुरा को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
7. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0 (मेधज टैक्नॉ, प्रा0लि0) मथुरा।

अधिशासी अभियन्ता

- मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देश दिए गये कि क्लोज की गई क्रीटिकल एन0सी0आर0 की आख्या कार्यवृत्त के साथ प्रेषित की जाए।
- अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि एम0एस0 ग्रेविटी पाइप लाइन हेतु जनपद मथुरा में लगभग 7.0 कि0मी0 पैच का कृषकों को दिये जाने वाले फसल मुआवजे का स्थलीय सर्वेक्षण पूर्ण किया जा चुका है तथा 1.0 कि0मी0 लम्बाई में प्रभावित किसानों को फसल मुआवजा वितरित किया जा चुका है, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा फर्म को निर्देश दिए गये कि आगामी बैठक से पूर्व जनपद मथुरा में प्रभावित सम्पूर्ण लम्बाई में फसल मुआवजा वितरित कर दिया जाए तथा पाइप लाइन बिछाये जाने के कार्यों को अतिशीघ्र पूर्ण कर लिया जाए।
- अन्त में निर्देश दिए गये कि दोनों पैकेजों में निर्माणाधीन कार्यों पर समानान्तर कार्य करते हुए श्रमिकों की संख्या बढ़ाते हुए प्रगति बढ़ा ली जाए।

अधिशासी अभियन्ता
खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
मथुरा।

पत्रांक 90 / जल जीवन मिशन/ 31 दिनांक 31-01-2025

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय मथुरा।
2. अपर जिलाधिकारी महोदय, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, मथुरा।
3. मुख्य अभियन्ता(आ0क्षे0)/अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय/अधिशासी अभियन्ता (वि0यॉ0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा।

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

4. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इन्जीनियर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. प्रोजेक्ट मैंनेजर, मै0 एन0सी0–एपको (जे0वी0) (पैकेज–I एवं II), मथुरा। को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. डी0पी0एम0 मै0 फिचनर कन्सलटिंग इन्जीनियर्स (टी0पी0आई0), आगरा कलस्टर, मथुरा को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
7. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0 (मेधज टैक्नॉ, प्रा0लि0) मथुरा।

अधिशासी अभियन्ता